(b) if so, whether the teaching staff (TGTs, PGTs, Vice Principals and Principals) have been deprived of the facility of allotment of Government accommodation from general/central pool;

(c) if so the reasons for imposing such a ban on the teaching staff;

(d) whether Government propose to lift said ban; and

(e) if so, by when and if not, the reasons therefor ?

THE MINISTER OR URBAN DEVELOPMENT (SHRI MURASOLI MARAN):

(a) to (e) The information is being collected and will be laid on the Table of the House.

सरकारी आवासों हेतु राजनैतिक दलों द्वारा देय राशि का अदा न किया जाना

3658. **श्री सोम पाल** : क्या **शहरी विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि कुछ लोग सरकारी आवासों में वर्षों से कोई किराया अदा किए बगैर रह रहे हैं; उनका ब्यौरा क्या है तथा इस प्रकार के आवासों की संख्या कितनी है तथा ऐसी रियायतें दिए जाने का क्या आधार है; और

(ख) क्या कुछ राजनैतिक दलों को सरकारी आवास आबंटित किए गए हैं और इन दलों ने पिछले कई वर्षों से कोई किराया अदा नहीं किया है; यदि हां, तो सरकार ने इस संबंध में अब तक क्या कार्यवाही की है, क्या इन दलों को उन आवासों से निकाल दिया जाएगा और क्या सरकार उनके द्वारा कोई किराया अदा किए बगैर उन्हें आवास में रहने की अनुमति देने का विचार रखती है और यदि हां, तो इस संबंध में पूर्ण ब्यौरा क्या है ?

शहरी विकास मंत्री (श्री मुरासोली मारन) : (क) तथा (ख) सूचना एकत्र की जा रही है तथा सभा पटल पर रख दी जाएगी ।

Japanese proposal to finance Railway Projects

3659. SHRI MENTAY PADMANABHAM : Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state :

(a) what are the details of the Japanese sroposal to finance our Railways, which ivas mooted by visiting Japanese delegation in August, 1990;

(b) whether the South would obtain any benefit from above proposals; and

(c) the details of proposals discussed ?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF RAILWAYS (SHRI AJAY SINGH) : (a) to (c) A private Japanese delegation led by Senator Mr. Norota and Rev. Ochida, Head of the Nihonji Temple, visited India in August, 1990. We requested them to explore the possibility of making available grants towards funding some projects in the Railways like :

(a) Chitauni-Bagha Rail Bridge.

(b) Pilgrim accommodation at rail heads serving places of Buddhist interest, and

(c) The Konkan Railway Project.

आठवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान रेल लाइनों के लिए उड़ीसा को आबंटित धनराशि

3660. **कुमारी सुशीला तिरिया** : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) आठवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान उड़ीसा में रेल लाइन बिछाने के लिए कितनी धनराशि आबंटित की गई है और ऐसी रेल लाइनों की संख्या कितनी है;

(ख) इन रेल लाइनों में से प्रत्येक रेल लाइन में सुधार करने के लिए कितनी धनराशि आबंटित की गई है; क्या उड़ीसा में रूपसा-बांगरी पोसी लाइन को बड़ी लाइन में बदलने के लिए भी कार्यवाही की गई है; और

(ग) यदि हां, तो इसके लिए कितनी धन-राशि आबंटित की गई है और इसके कब तक शुरू किए जाने की संभावना है ?

रेल मंत्रालय में उप मन्त्री (श्री अजय सिंह) (क) से (ग) उड़ीसा में निर्माण के लिए निम्नलिखित नई लाइनें अनुमोदित की गई हैं ।

	1990-91 के दौरान आबंटित धनराशि
1. कोरापुट-रायगडा	70.00 करोड़ रुपए
2. तालचेर-सम्बलपुर	25.00 करोड़ रुपए

इस समय यह बताना कठिन है कि रूपसा-बांगरीपोसी लाइन के आमान परिवर्तन का कार्य कब शुरू होगा । चालू वर्ष में इस परिवर्तन के लिए कोई आबंटन नहीं किया गया है ।

आठवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान मध्य प्रदेश को आबंटित धनराशि

3661. **कुमारी सईदा खातून** : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) आठवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान छोटी लाइन को बड़ी लाइन में परिवर्तित करने के लिए कितनी धनराशि आबंटित की गई है; और

(ख) गोंदिया से जबलपुर तक की छोटी लाइन को बड़ी लाइन में परिवर्तित करने के लिए क्या प्रावधान किया गया है; क्या इस योजना अवधि के दौरान इस पर निर्माण कार्य किए जाने का विचार है; यदि हां, तो इस लाइन पर कब तक काम शुरू किए जाने की संभावना है; यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

रेल मंत्रालय में उप मंत्री (श्री अजय सिंह) : (क) मध्य प्रदेश में मीटर लाइन से बड़ी लाइन में कोई आमान परिवर्तन परियोजना प्रगति पर नहीं है ।

(ख) गोंदिया-जाबलपुर छोटी लाइन को बड़ी लाइन में बदलने की परियोजना को अनुमोदित नहीं किया गया है । इस समय यह बताना कठिन है कि यह परियोजना कब शुरू की जाएगी ।

बंधुआ मजदूर

3662. **कुमारी सुशीला तिरिया**
कुमारी संईदा खातून

क्या श्रम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) कितने राज्यों में अभी तक बंधुआ मजदूर प्रथा जारी है;

(ख) मध्य प्रदेश और उड़ीसा में ऐसे जिले कितने हैं जहां इस संबंध में सर्वेक्षण किया गया है और इन जिलों में ऐसे बंधुआ मजदूरों की संख्या कितनी है जिन्हें मुक्त कराया गया है; और

(ग) ऐसे बंधुआ मजदूरों की संख्या कितनी है जिन्हें अभी मुक्त कराया जाना शेष है और सरकार इस संबंध में क्या कार्यवाही करने का विचार रखती है ?

श्रम एवं कल्याण मंत्री (श्री राम विलास पासवान) : (क) से (ग) 12 राज्यों अर्थात् आन्ध्र प्रदेश, बिहार, गुजरात, हरियाणा, कर्नाटक, केरल, मध्य प्रदेश, तमिलनाडु, महाराष्ट्र, उड़ीसा, उत्तर प्रदेश, और राजस्थान से बंधुआ श्रमिकों के होने की सूचना दी गई है । इनमें से गुजरात और केरल की राज्य सरकारों ने सूचित किया है कि 31 मार्च, 1990 की स्थिति के अनुसार पता लगाए गए सभी बंधुआ श्रमिकों को पुनर्वासित किया जा चुका है । बंधित श्रम पद्धति (उत्सादन) अधिनियम 1976 के अधीन बंधुआ श्रमिकों का पता लगाने, उन्हें मुक्त कराने और उनके पुनर्वास का उत्तरदायित्व संबंधित राज्य सरकारों का है । अधिनियम के उपबंधों के प्रवर्तन की श्रम मंत्रालय द्वारा समय-समय पर पुनरीक्षा की जाती है और राज्य सरकारों को परामर्श दिया जाता है कि वे बंधुआ